सार-समाचार

महिला से मारपीट पर किया गिरफ्तार

अजमेर, (कासं)। देहली गेट पर गत दिनों बीच सडक़ पर एक महिला से मारपीट करने वाले ईरिक्शा चालक युवक को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी युवक की पहचान वायरल वीडियो के आधार पर की गई और गंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लिया। इस घटना का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें युवक महिला से खुलेआम मारपीट करता नजर आ रहा था। वीडियो के सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने युवक का नंगे पांव सडक़ पर परेड निकाली, पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गंज थानाधिकारी महावीर सिंह राठौड़ ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तारी के बाद दरगाह बाजार क्षेत्र में नंगे पांव परेड करवाई गई। यह परेड आपराधियों में भय और आमजन में विश्वास के लिए करवाई गई। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया है कि महिला और आरोपी के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर कहासुनी हुई थी, जो बाद में मारपीट में बदल गई। राठौड़ ने कहा कि आरोपी युवक को थाने में इसकी शिकायत करनी थी, लेकिन उसने कानून हाथ में लेते हुए महिला की पिटाई की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गंज थाना पुलिस ने कहा कि महिला अपराधों को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है और भविष्य में भी ऐसे मामलों में त्वरित व सख्त कार्रवाई की जाएगी।

7 जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

अजमेर, (कासं)। क्रिश्चयनगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए पुरानी चौपाटी पर एक युवक को अवैध पिस्टल और सात जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहा था और किसी वारदात की फिराक में था। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है, हथियार कहां से खरीदा और कहां सप्लाई करना था, इसकी जांच कर रही है। क्रिश्चियनगंज पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के पुरानी चौपाटी के आसपास भगवान सिंह उर्फ बीरा रावत नामक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक पिस्टल और सात जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह अवैध पिस्टल रियाबाड़ी निवासी प्रदीप से 18 हजार रुपए में खरीद करना बताया। वह यह पिस्टल पुष्कर नाला निवासी किशन सिंह को देने जा रहा था। सौदा तय होने के बाद किशन सिंह को सिनेमा हॉल के पास बुलाया गया था। उसी दौरान पुलिस को सूचना मिली और आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है और उसके आपराधिक रिकॉर्ड को खंगालने में जुटी हुई है।

महाराणा प्रताप जयंती पर समारोह 29 को

अजमेर, (कासं)। महाराणा प्रताप समारोह समिति, भारतीय इतिहास संकलन समिति अजमेर, अजमेर विकास प्राधिकरण, नगर निगम अजमेर, राजस्थान क्षत्रीय महासभा एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रभक्ति एवं स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह मुख्य समारोह एवं मेला गुरुवार को शाम 6 बजे महाराणा प्रताप स्मारक, पुष्कर घाटी में आयोजित होगा। समिति के अध्यक्ष धर्मेश जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ होंगे। इस आयोजन में घुमंतू जाति उत्थान न्यास, पूर्व सैनिक सेवा परिषद की भी महत्वपूर्ण सहभागिता और भूमिका रहेगी। उनकी सक्रिय भागीदारी से समारोह में राष्ट्रवाद की भावना को और अधिक प्रखरता मिलेगी। इस अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें खान पान की नि:शुल्क स्टॉल्स लगाई जाएंगी। आयोजन के दौरान घुमंतू समाज, राजपूत समाज, राजस्थानी समाज की परंपरागत वेशभूषा और महाराणा प्रताप की वेशभूषा में आने वाले उत्कृष्ट महिला और पुरुषों को पुरस्कृत किया जाएगा आयोजन को अंतिम रूप देने के लिए रविवार की सायं एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की समुचित रूपरेखा पर चर्चा हुई तथा विभिन्न तैयारियों के लिए अलग-अलग समितियों के गठन पर विचार किया गया। रविवार की तैयारी बैठक में रमेश सोनी, नीरज जैन, सुनील दत्त जैन, दिनेश धार, डॉ हरीश बेरी, जगदीश शर्मा, प्रवीण जैन, विजय कुमार शर्मा, नवीन पारीक, आशीष डीडवानिया, अमित जैन, भगवान सिंह हाड़ा, ओम प्रकाश डाबी, डॉ सूरज राव, बाल सिंह रावत सहित आयोजक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

श्री अग्रसेन मंडल कार्यकारिणी का गठन

बिजयनगर, (निसं)। श्री अग्रसेन मंडल बिजयनगर के तत्वाधान में रविवार को श्री अठासेन भवन में कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें सर्व समिति से मधुसूदन कानोडिया को श्री अठासेन मंडल बिजयनगर का संरक्षक बनाया गया व साथ ही नई कार्यकारिणी में पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। उपाध्यक्ष विनोद गोयल, मंत्री चंद्रप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रवण नागौरी, अग्रसेन भवन व्यवस्थापक मंत्री राजेंद्र प्रसाद, अठावाल सूचना मंत्री अशोक तायल, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष शिव नारायण नागौरी, श्री अठासेन महिला मंडल अध्यक्ष शिल्पी मित्तल, श्री अठासेन नवयुवक मंडल अध्यक्ष मनोज तायल, श्री अग्रसेन महिला मंडल सचिव ममता बंसल व तीन मनोनीत सदस्य कार्यकारिणी में नियुक्त किए गए। नवल किशोर गर्ग, अशोक तायल व विनोद नागोरी उक्त जानकारी श्री अग्रसेन मंडल अध्यक्ष विजय बिंदल दी।

प्रचार प्रचार के अभाव में धूल फांक रही है केंद्र सरकार की योजना

मसूदा, (निसं)। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर इलाज सुलभ हो सके एवं उनकी जान बचाई जा सके इसी दिशा में सरकार द्वारा योजना चलाई जा रही है। लेकिन चिकित्सा विभाग द्वारा योजना के प्रचार प्रसार के अभाव में लोगों को जानकारी नहीं होने से लाभ नहीं मिल पा रहा है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को कोइ भी आमजन निकटवर्ती अस्पताल मैं पहुंचा सकता है जिससे कि उसको समय पर इलाज मिल सके एवं उसकी जान बचाई जा सके। साथ ही घायल को अस्पताल लाने वाले से पुलिस द्वारा कोई पूछताछ नहीं होगी साथ ही सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को प्रमाणपत्र व 10 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। लेकिन मसूदा उप जिला चिकित्सालय द्वारा प्रचार प्रसार के अभाव में सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना धूल फांक रही है। आम लोगों को जानकारी के अभाव में कई बार लोग पुलिस प्रपंच में नहीं पड़ने के चक्कर में घायलों को सड़क पर तड़पता हुआ छोड़ देते हैं या फिर 108 एंबुलेंस का इंतजार करते हैं जिससे कई बार घायलों की हालत खराब हो जाती है एवं उचित उपचार के अभाव में घायल दम भी तोड़ देते हैं।

अवैध शराब फैक्ट्री मारा फापा

मकराना (निस) । (आई.पी.एस.) महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज अजमेर व हनुमान प्रसाद (आई.पी.एस.) पुलिस अधीक्षक जिला डीडवाना कुचामन के निर्देशन में, जिनेन्द्र जैन (आरपीएस) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबतसर, भवानीसिंह (आरपीएस) वृताधिकारी वृत मकराना के सुपरविजन मे थानाधिकारी पुलिस थाना मकराना सुरेश कुमार सोनी पु0नि0 के नेतृत्व में गठीत टीम द्वारा राजकार्य में बाधा के प्रकरण में वांछित आरोपी परमवीर को गिरफतार किया गया। घटना 8.3.2025 को सूचना मिली कि मकराना थाना क्षेत्र में त्रिलोक बावरी निवासी उचेरिया के मकान में स्त्रीट से अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री लगाकर बडी मात्रा में अवैध शराब बनायी जा रही है, जिस पर थाना हाजा व पुलिस थाना गच्छीपुरा, परबतसर की टीम तथा आबकारी विभाग की टीम ने ठाम उचेरिया में त्रिलोक बावरी व साहुकार बावरी के घर पर दबिश देकर भारी मात्रा में स्प्रिट से भरे ड्रम, खाली प्लास्टिक के पव्वे, पव्वों के धातु के ढक्कन, रैपर, स्प्रिट से भरे कैन व जरिकन, गत्ते के कार्टुन व पव्वों पैकिंग की मशीने बरामद किए। कार्यवाही के दौरान उक्त अपराधियो व उनके रिश्तेदारो द्वारा पुलिस व आबकारी विभाग की टीम पर पथराव किया व पुलिस व आबकारी विभाग के वाहन क्षितठास्त किए गए। जिस पर थाना पर प्रकरण संख्या 71 धारा 111(2) () (3), (4), (5), 121 (1), 132, 189 (2) (4), 190,125 बीएनएस व 3 पीडीपीपी एक्ट में दर्ज कर मौके से 5 लोगो को गिरफतार किया गया था। उक्त घटना में संलिप्त मुलजिम परमवीर पुत्र नानुराम जाति बावरी निवासी उचेरिया करीब ढाई माह से फरार था।

हाईवे पर लूट की वारदात का आसींद पुलिस ने किया पर्दाफाश

■ तीन आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

आसींद, (निसं)। विगत 13 दिवस पूर्व 12 मई नेशनल हाईवे 158 पर चाकू मारकर लूट की घटना में संलिप्त तीन आरोपी बापर्दा को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन किया बरामद थानाधिकारी हंसपाल सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 मई को नेशनल हाईवे 158 पर नारायण पिता खेमा गुर्जर निवासी कांवलास ने थाने में रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि 12 मई को रात्रि 9:00 बजे के आसपास में मेरे ससुराल से मेरे गांव की ओर आ रहा था इसी दौरान महाराजपुरा चौराहे से मेरे पीछे मोटरसाइकिल लग गई बिजली ठोड के पास पहुंचने पर पीछे वाली मोटरसाइकिल जिस पर तीन व्यक्ति सवार थे जो मेरी मोटरसाइकिल के गलत साइड में आकर चलते हुए मेरी मोटरसाइकिल के बराबर में लेकर पीछे बैठे व्यक्ति ने मेरे बांए कंधे पर चाकू मारा जिससे मेने मेरी मोटरसाइकिल को रोक दी तीनों व्यक्ति मोटरसाइकिल से नीचे उतरे एवं एक व्यक्ति ने मेरे पेट में चाकू मारने का प्रयास किया मैंने अपना बचाव किया उसी दौरान दुसरे व्यक्ति ने मेरे गले में पहने सोने का मांदलिया को चाकू से काट लिया एवं पेंट के पीछे की जेब से मेरा पर्स एवं मोबाइल फोन छीन लिया एवं हाथ में पहने चांदी के कड़े को निकाल लिया मेरे पर्स में करीब 3000 रूपए, मोबाइल बिल वगैरा थे जो लूट कर ले गए तीनों में से एक व्यक्ति ने मुंह नहीं बांधा हुआ था वही रिपोर्ट के आधार पर घटना को गंभीरता से देखते हुए अज्ञात अपराधियों की धरपकड़ हेतु पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोशन पटेल के निर्देशन में एवं पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश सोलंकी के निकटतम सुपरविजन में थाना अधिकारी हंसपाल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई ।

गठित टीम द्वारा घटनास्थल नेशनल हाईवे 158 बिजली ठोड के पास सरहद कांवलास भीलवाड़ा की तरफ एवं आसींद की तरफ के हाईवे के समस्त कच्चे पक्के रास्तों पर आमजन का सहयोग लेते हुए एवं सीसीटीवी कैमरे का निरीक्षण करते हुए घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की मोटरसाइकिल की तसदीक की गई तथा गहन अनुसंधान के बाद ब्राह्मणों की सरेडी तालाब के पास छिपे होने की सूचना पर पुलिस की टीम द्वारा एक बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल सहित आरोपियों को डिटेन किया। डिटेन सुदा तीनों संदिग्धों से अलग-अलग पूछताछ की गई तो उक्त घटना को कबूल किया गया गठित टीमों द्वारा सीसीटीवी टीमों का निरीक्षण किया जाकर साइबर सेल के सहयोग से वारदात का पर्दाफाश किया गया ।उक्त गिरफ्तारसुदा आरोपियों से अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ जारी है वहीं पुलिस ने धीरज पिता राजेश उर्फ राजू लोहार जाति लोहार उम्र 23 साल निवासी ब्राह्मणों की सरेडी ,अशोक उर्फ काजू पिता गणेश जाति लोहार निवासी बडला, अविनाश सिंह उर्फ छोटू पिता झुनी सिंह भदोरिया जाति राजपूत निवासी इटावा उत्तर प्रदेश हाल मुकाम निवासीआजाद नगर भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया।

गठित पुलिस टीम में

थाना अधिकारी हंसपाल सिंह चौहान, शंभूगढ़ थाना अधिकारी आशुतोष पांडे ,सहायक उप निरीक्षक आशीष शर्मा साइबर सेल भीलवाड़ा, कांस्टेबल धर्मीचंद, कांस्टेबल मूल सिंह ,कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार, कांस्टेबल महेंद्र सिंह, कांस्टेबल भानु प्रकाश कांस्टेबल राहुल, कांस्टेबल मंगल सिंह,कांस्टेबल मांगीलाल, कांस्टेबल पिंटू साइबर सेल का योगदान रहा ।

महाराणा प्रताप जयंती पर समारोह 29 को

अजमेर, (कासं)। महाराणा प्रताप समारोह समिति, भारतीय इतिहास संकलन समिति अजमेर, अजमेर विकास प्राधिकरण, नगर निगम अजमेर, राजस्थान क्षत्रीय महासभा एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रभक्ति एवं स्वाभिमान के प्रतीक वीर महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में समारोह व मेले का आयोजन 29 मई को किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष धर्मेश जैन ने बताया कि मुख्य समारोह एवं मेला 29 मई को सायं 6 बजे महाराणा प्रताप स्मारक पुष्कर घाटी में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ होंगे। आयोजन में घुमंतू जाति उत्थान न्यास, पूर्व सैनिक सेवा परिषद महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उनकी सक्रिय भागीदारी से समारोह में राष्ट्रवाद की भावना को और अधिक प्रखरता मिलेगी। इस अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें खान पान की नि:शुल्क स्टॉल्स लगाई जाएंगी। आयोजन में घुमंतू समाज, राजपूत समाज, राजस्थानी समाज की परंपरागत वेशभूषा और महाराणा प्रताप की वेशभूषा में आने वाले उत्कृष्ट महिला और पुरुषों को पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन को अंतिम रूप देने के लिए बैठक आयोजित हुई, जिसमें समारोह व मेले को लेकर रूपरेखा तैयार की गई ।

नाला निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों में नाराजगी

अजमेर, (कासं)। अजमेर नगर निगम के वार्ड संख्या 47 घोलाभाटा क्षेत्र में चल रहे नाला निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली के नेतृत्व में सोमवार को क्षेत्रवासियों ने जिला कलेक्टर लोक बंधु को ज्ञापन सौंप कर निर्माण कार्य पर पुन: विचार की मांग की है। साथ ही तकनीकी मापदंडों के विपिरत नाले का निर्माण कार्य को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान स्थानीय लोगों को जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ेगा।

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली ने बताया कि एक करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से धोलाभाटा रेलवे क्रॉसिंग से आईएल फर्नीचर तक नाले का निर्माण किया जा रहा है। द्रोपदी का आरोप है कि पूर्व में चौड़ा और खुला नाला अब संकरा और ढंका हुआ है, जिससे गुलाबबाड़ी, कल्याणीपुरा और मेयो कॉलेज से आने वाला वर्षा जल की सही निकासी नहीं होगी। जिसकी वजह से भजनगंज, चांद स्वीट और डॉ. आहुजा की पुलिया के पास जल भराव की समस्या रहती है। उन्होंने बताया कि अधिकारी ने तकनीकी मापदंडों के विपरित नाले का निर्माण कर रहे हैं।

नाले का ढलान सही नहीं होने से बरसात का पानी घरों में भर जाएगा। क्षेत्रवासियों ने बताया कि शिवशंकर बेकरी से धोलाभाटा गांव तक सडक़ की चौड़ाई कई जगहों पर 15 से 20 फीट ही रह जाती है। ऐसे में यदि नाला निर्माण इसी स्थिति में होता है, तो सडक़ की चौड़ाई और भी घट जाएगी और यातायात प्रभावित होगा। उन्होंने जिला प्रशसान से मांग की है कि इस प्रकरण में जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

विद्यार्थी सम्मान समारोह 7 जून को

अजमेर, 25 मई(कासं)। स्वामी हिरदाराम जी के प्रेरणा से सांई बाबा मन्दिर ट्रस्ट, शान्तात्मा व्यास एवं मेघीतुलसी किशनानी स्मृति संस्थान, अजमेर व स्वामी समूह के संयुक्त तत्वाधान 20 वर्षों से आयोजित 37वां प्रतिभावान सम्मान समारोह में राजस्थान बोर्ड और सी.बी.एस.ई. परीक्षा 12वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जायेगा।

संयोजक कंवल प्रकाश ने बताया कि 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को 07 जून को रसोई बैक्वेट हॉल, स्वामी कॉम्प्लेक्स, अजमेर पर आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

विद्यार्थियों में टॉप टेन आने वाले छात्र-छात्राओं को अभिनन्दन पत्र, स्मृति चिन्ह, ज्ञाववर्धक पुस्तकें व 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

हरी चंदनानी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन विद्यार्थियों ने 12वीं सी.बी.एस.ई. व राजस्थान बोर्ड में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये है वे सभी वर्ग के विद्यार्थी अपनी मार्कशीट की फोटो कॉपी के साथ सादे कागज पर हिन्दी में अपना नाम, पता, स्कूल का नाम और मोबाईल नम्बर लिखकर स्वामी कॉम्पलेक्स की तीसरी मंजिल रसोई रेस्टोरेंट के काउण्टर पर 4 जून से पूर्व तक जमा करा सकते है। अधिकारी जानकारी के लिए 99290-9730 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

दुकान पर जांची जा रही थी उत्तर पुस्तिकांए

अजमेर। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की ओर से सत्र 2024-25 के लि ए आयोजित की गई दसवीं का परीक्षा का परिणाम कुछ दिनों में सामने आने वाल ा, ल`किन इसके बाद भी दसवी की उत्तर पुस्तिाएं किसी परचुनी की दुकान पर जांची जा रही है। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद बोर्ड में हल चल मची हुई है तथा इस संबंध में बोर्ड के सचिव की ओर से सफाई भी दी गई है और बताया गया है कि इससे परीक्षा परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा। प्राप्त ज्ञानकारी के अनुसार गत दिवस से एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें परचुनी की एक दुकान पर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उत्तर पुस्तिकांए जांचते हुए दुकान पर दुकान संचाल क को बताया गया है। यहां तक कि वह दुकानदार अपने ठाहकों को मजे से सामान देकर दुकानदारी कर रहा है और साथ साथ दुकानदार कापियां भी जांचता जा रहा है, जबकि वह टीचर भी नहीं है और कापियां जांचने के लिए उसे नहीं दी गई है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद शिक्षा बोर्ड में हल चल मच गई। पता ल गा कि वीडियो नागौर जिल ` के कुचामन के पास डिडवाना का बताया जा रहा है। इस संबंध में बोर्ड के सचिव कैल ाश चंद शर्मा ने बताया कि इस संबंध में जांच के लि ए टीम रवाना कर दी गई है। पूरी रिपोर्ट आने के बाद उस शिक्षक को डिबार करने की कार्यवाही की जाएगी।

एलीवेटेड रोड नहीं अब रामसेतु कहिए, विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर हुआ नामकरण

■ पूर्व में वरूण सागर, होटल अजयमेरू एवं महर्षि दयानंद विश्रांति गृह भी हुए हैं नाम

■ अजमेर विकास प्राधिकरण कराएगा रामसेतु का सौन्दर्यीकरण व लाइटिंग, ब्रिज के नीचे होगी दोपहिया वाहनों की पार्किंग

अजमेर, (कासं)। अजमेर शहर के यातायात के लिए संजीवनी बने एलीवेटेड रोड का नाम अब रामसेतु होगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश पर रामसेतु नामकरण को मंजूदी दी गई है। संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता वाली कमेटी ने नए नाम को हरी झंडी दी। इससे पूर्व भी विभिन्न भवनों का नाम गुलामी के प्रतीक नामों से बदल कर राष्ट्रीय गौरव के अनुरूप किया गया है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पिछले दिनों संभागीय आयुक्त महेश चन्द्र शर्मा को निर्देश दिए थे कि अजमेर के एलीवेटेड रोड का नाम बदल कर रामसेतु किया जाए। यह रोड़ अजमेर के प्रमुख स्टेशन रोड़, पृथ्वीराज मार्ग, कचहरी रोड़ एवं नसियां जी रोड़ के ऊपर से गुजरता है। अजमेर में पूर्व में एकमात्र स्टेशन रोड मुख्य मार्ग होने से दिनभर जाम के हालात रहते थे। एलीवेटेड रोड बनने के बाद शहर को इस ट्रेफिक जाम से मुक्ति मिली है। रामसेतु शहर के विभिन्न हिस्सों को जोड़ता है।

पूर्व में भी बदले हैं नाम - विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश पर अजमेर में राष्ट्रीय गौरव को अग्रणी रखने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पूर्व में भी विभिन्न भवनों के नाम बदले गए हैं। इसके तहत राजस्थान पर्यटन विकास निगम के होटल खादिम का नाम बदलकर अजमेर के ऐतिहासिक नाम अजयमेरू किया गया। इसी तरह शहर को पेयजल आपूर्ति के स्त्रोत फॉयसागर झील का नाम बदलकर वरूण सागर किया गया। इसी प्रकार स्टेशन रोड पर किंग एडवर्ड मेमोरियल का नाम बदलकर महर्षि दयानंद विश्रांति गृह किया गया।

एडीए कराएगा सौन्दर्यीकरण - विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने अजमेर विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए हैं कि रामसेतु का सौन्दर्यीकरण कराया जाए। इसके तहत ब्रिज के ऊपर व नीचे की ओर विशेष लाइटिंग की जाएगी। यहां मार्ग संकेतक भी लगाए जाएंगे। इसी प्रकार व्यापारियो की सुविधा एवं मार्केट में आने वाले शहर के लोगों की सुविधा को देखते हुए रामसेतु के नीचे की ओर दोपहिया वाहनों की पार्किंग भी विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं।

बाल संस्कार एवं चरित्र निर्माण शिविर का समापन

अजमेर, (कासं)। आदेश सेवा समिति गुलाबबाडी, अजमेर के तत्वावधान एवं गीता परिवार के सानिध्य से 10 दिवसीय बाल संस्कार एवं चरित्र निर्माण शिविर का समापन समारोह आनन्दोत्सव के रूप में तेजाजी की देवली, नयाघर, गुलाबबाडी में मनाया गया। दस दिवसीय शिविर में बच्चों ने सूर्यनमस्कार, योग अभ्यास, गीता श्लोक पठन एवं कण्ठस्थीकरण, मंगल स्तुति, देशभक्ति गीत, भजन प्रस्तुति, प्रेरक कहानियां, धार्मिक प्रश्नोत्तर का अध्ययन किया था, उसका प्रदर्शन मंच पर कर सबको मंत्र मुग्ध कर खूब तालियां बटोरी। आदेश सेवा समिति के अध्यक्ष नौरतमल सेन ने बताया समारोह के मुख्य अतिथि कप्तान डॉ. विश्वास सक्सेना थे जो नामीबिया में राजनायिक रहने के साथ भारत सरकार के विभिन्न पदों को सुशेभित कर चुके हैं। डॉ. सक्सेना ने घोषणा की आगामी वर्ष में आदेश सेवा समिति के द्वारा किन्हीं दो बच्चों को चयनित कर भारत सरकार के अनुदान पर शिक्षा हेतु नामीबिया भेजने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी के नगर प्रमुख अंकुर प्रजापति ने बताया कि आदेश सेवा समिति के साथ विवेकानंद केंद्र प्रत्येक रविवार को 8 से 16 वर्ष के बच्चों के लिए संस्कार वर्ग गुलाब बाड़ी में आयोजित करेगा, जिसमें बच्चों को आत्मरक्षा और बौद्धिक खेलों से सर्वांगीण विकास करवाया जाएगा।

महेश नवमी का आगाज ध्वजारोहण से

मदनगंज-किशनगढ,(निस)। माहेश्वरी पंचायत संस्था की और से महेश नवमी महोत्सव का विधिवत शुभारंभ महेश विहार में ध्वजारोहण के साथ हुआ। अध्यक्ष रामनारायण झंवर ने माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति व राष्ट्रिहत में योगदान के बारे में जानकारी दी। संयोजक विजय सारडा ने महोत्सव पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमो को लेकर चर्चा की। पूर्व अध्यक्ष मुकुटबिहारी मालपाणी ने महेश जयंती के अपने पूर्व अनुभवों को सांझा किया। जिला उपाध्यक्ष अश्विनी काबरा, सचिव किशन बंग ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान उपाध्यक्ष सर्वेश्वर राठी, राजकुमार बांगड़, प्रवक्ता अनिल लढ़ा, भगवान बाहेती, राजकुमार कासट, कृष्णगोपाल मालपानी, अजय काबरा, देवकीनंदन लखोटिया सहित कई समाजबंधु उपस्थित रहे। रक्तदान संयोजक अमित सोमानी ने बताया की 27 मई को सुबह 9 बजे से माहेश्वरी भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा।

नाम परिवर्तन

पूर्व में मेरा नाम कमलेश चौधरी था। जिसे बदलकर मैने अपना नाम सिद्धार्थ सिंह चौधरी रख लिया है। भविष्य में मुझे सभी सरकारी गैर सरकारी एवं शैक्षणिक दस्तावेजों के लिये सिद्धार्थ सिंह चौधरी के नाम से ही जाना पहचाना जावे। -सिद्धार्थ सिंह चौधरी पुत्र घामा राम चौधरी, 14, पटेल नगर, पूर्व गणेशपुरा, रातानाड़ा, जोधपुर(राज.)

NAME CHANGE

I, Manisha Spouse of Army No.14657727X, HAV/TECH(RDR), Pradeep Sharma, Residing Vill-Potiya Kalan, Po-Durg, Teh & Dist-Durg, Chhattisgarh, 491001 have change my Name from Manisha to Mainsha Sharma vide Affidavit No. CA920745 Dt 26/05/2025 before Court campus Nasirabad

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र दर्शन पाराशर के विद्यालय रिकॉर्ड तथा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के माध्यमिक स्तर(कक्षा 10वीं) की अंकतालिका में गलती से पिता का नाम मनोज कुमार पाराशर एवं माता मीनाक्षी पारशर हो गया है। जबकि पिता का सही नाम अशोक कुमार व माता का तृप्ति पाराशर है। भविष्य में दोनों को सही नाम से जाना जाए। हरसौर(नागौर)

अजमेर विकास प्राधिकरण

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री लक्ष्मण सिंह रावत पुत्र मेवा सिंह रावत की ग्राम किरानीपुरा के खसरा नंबर 16 भूखण्ड संख्या 244 में क्षेत्रफल 138.54 वर्गगज़ के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपति आमंत्रित की जाती है। अत: किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

उपायुक्त(उत्तर)अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

तिरंग रैली निकाली

सरवाड़, (निसं)। भारतीय सेना के'ऑपरेशन सिंदूर' में दिखाए गए अदम्य साहस और शौर्य के सम्मान में सोमवार को सरवाड़ नगर पालिका से भव्य एवं विशाल तिरंगा रैली मय वाहन रैली प्रारंभ हुई यह यात्रा विधायक शत्रुघ्न गौतम के नेतृत्व में आयोजित कि गई यह तिरंगा यात्रा सायं 5 बजे नगर पालिका कार्यालय से आरंभ हुई जो जोधाणा होटल से चमन चौराहा बस स्टैंड रेगरान मोहल्ला खिरिया गेट से होते हुए सांपला गेट मोमिन मोहल्ला सुनारों की गली सदर बाजार से गांधी चौक पहुंचकर संपन्न हुई । तिरंगा रैली में शामिल हुए यात्रा के दौरान देशभक्ति के गीतों और नारों से वातावरण गूंज उठा इस दौरान विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि यह यात्रा हमारे वीर जवानों को श्रद्धांजलि और सम्मान अर्पित करने का माध्यम है जिन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देश की रक्षा करते हुए अद्वितीय पराक्रम दिखाया। शहर भव्य एवं विशाल तिरंगा रैली से देश भक्ति के रंग से सराबोर हो गया ।

सेना के शौर्य सम्मान में तिरंगा यात्रा 30 को

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। भाजपा की और से सेना के शौर्य सम्मान के लिये 30 मई को निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा व रानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती को लेकर होटल हेलीमेक्स में बैठक आयोजित की गई।

तिरंगा यात्रा सांय 5 बजे शहीद स्मारक से शुरू होकर मुख्य मार्गो से होती हुई शास्त्री सर्किल नगर परिषद के पास समापन होगी।

अजमेर शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि पहलगांव मे हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की हत्या कर महिलाओ के सिंदूर को मिटाया, जिसका बदला सेना ने अपना अदम्य साहस दिखाकर पाकिस्तान को करारा जबाव दिया।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भारती श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष किशनगोपाल दरगड़, वैदप्रकाश दाधीच, समरथ सिंह राठौड़, महेंद्र पाटनी व उपसभापति मनोहर तारानी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमित अठावाल, लक्ष्मण माली, राखी शर्मा, पार्षद मनीष टेलर, हिम्मत सिंह, पवन जांगिड़, बबलू रावत, पृथ्वीसिंह, जगदीश सिंह, अजीत जैन, सुनील दरडा, पंकज पहाड़िया, भागचंद चौधरी, सूर्यप्रताप चौधरी, जगदीश कोठीवाल, चन्द्रेश कुमार, प्रदीप चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। संचालन राजीव शर्मा ने किया।

तीन आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

आसींद, (निसं)। विगत 13 दिवस पूर्व 12 मई नेशनल हाईवे 158 पर चाकू मारकर लूट की घटना में संलिप्त तीन आरोपी बापर्दा को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन किया बरामद थानाधिकारी हंसपाल सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 मई को नेशनल हाईवे 158 पर नारायण पिता खेमा गुर्जर निवासी कांवलास ने थाने में रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि 12 मई को रात्रि 9:00 बजे के आसपास में मेरे ससुराल से मेरे गांव की ओर आ रहा था इसी दौरान महाराजपुरा चौराहे से मेरे पीछे मोटरसाइकिल लग गई बिजली ठोड के पास पहुंचने पर पीछे वाली मोटरसाइकिल जिस पर तीन व्यक्ति सवार थे जो मेरी मोटर